INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: X	Department: Hindi	Date -
Worksheet No: 9	Topic: वाक्य भेद और रूपांतरण (ANSWERS)	Note: Pl. file in portfolio

(क) रचना के आधार पर वाक्य भेद लिखिए :-

१.जो कमाएगा,वह खाएगा । - **मिश्र वाक्य**

२.मैं ठीक समय पर पहुँच गया परंतु रमेश नहीं आया । - **संयुक्त वाक्य**

३.जो व्यक्ति स्वावलंबी होते हैं वे हमेशा सुखी रहते हैं ।- **मिश्र वाक्य**

४.वर्षा होने पर फ़सलें लहलहाने लगीं । - **सरल वाक्य**

५.इस संसार में दिखाई देनेवाली सभी चीज़ें नाशवान हैं । - **सरल वाक्य**

६.चोर ने सामान चुराया और भागा । - **संयुक्त वाक्य**

७.आप ही हैं , जिनकी बात मैं मान सकता हूँ ।- **मिश्र वाक्य**

८.यही वह स्थान है , जहाँ कल दुर्घटना हुई थी ।- **मिश्र वाक्य**

९.जब तक डॉक्टर पहुँचा,रोगी मर चुका था ।- **मिश्र वाक्य**

१०.तुमने काम नहीं किया अतः पैसे नहीं मिलेंगे ।- **संयुक्त वाक्य**

(ख) निर्देशानुसार वाक्य बदलिए :-

१.तेंदुए ने गाँव में घुसकर दो लोगों को घायल कर दिया । (संयुक्त वाक्य में)

तेंदुआ गाँव में घुसा और उसने दो लोगों को घायल कर दिया ।

२.अच्छे अंक लाने के लिए परिश्रम करो । (मिश्र वाक्य)

यदि अच्छे अंक लाने हैं तो परिश्रम करो ।

३.कुत्ता भौंका और सभी जाग गए । (सरल वाक्य में)

कुत्ते के (भौंकने पर / भौंकते ही) सभी जाग गए ।

४.वह फल खरीदने के लिए बाज़ार गई । (संयुक्त वाक्य में)

उसे फल खरीदने थे इसलिए वह बाज़ार गई ।

५.मैंने एक बीमार व्यक्ति को देखा । (मिश्र वाक्य में)

मैंने जिस व्यक्ति को देखा वह बीमार था ।

६.नीचे गिरते ही गिलास टूट गया । (संयुक्त वाक्य में)

गिलास नीचे गिरा और टूट गया ।

७.बारिश हुई और हरियाली छा गई । (सरल वाक्य में)

बारिश के होते ही हरियाली छा गई ।

८.किसान के बैल खूँटे से खुल गए और खेत में चरने लगे । (सरल वाक्य में)

किसान के बैल खूँटे से खुलकर खेत में चरने लगे ।

९.विजय खाना खाकर काम पर गया । (संयुक्त वाक्य में)

विजय ने खाना खाया और वह काम पर गया ।

१०.खरगोश घर में हैं और वे गाजर खा रहे हैं । (मिश्र वाक्य में)

जो खरगोश घर में हैं वे गाजर खा रहे हैं ।

११.उसने कहा कि वह स्कूल नहीं जाएगा । (प्रधान उपवाक्य छाँटिए)

प्रधान उपवाक्य - उसने कहा

१२.जब तुम मेरे घर आए तब मैं घर पर नहीं था । (आश्रित उपवाक्य छाँटकर भेद लिखिए)

जब तुम मेरे घर आए - क्रियाविशेषण उपवाक्य

१३.वही व्यक्ति उन्नति करता है जो परिश्रमी होता है ।(आश्रित उपवाक्य छाँटकर भेद लिखिए)

जो परिश्रमी होता है - विशेषण उपवाक्य

१४.राजू ने कहा कि वह कल मुंबई जा रहा है । (आश्रित उपवाक्य छाँटकर भेद लिखिए)

वह कल मुंबई जा रहा है - संज्ञा उपवाक्य

१५. आपको वैसे करना चाहिए जैसे मैं कहता हूँ । (प्रधान उपवाक्य छाँटिए)

प्रधान उपवाक्य - आपको वैसे करना चाहिए ।